RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 81 • 06:04:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## कांग्रेस के मेनिफेस्टो में 5 न्याय और 25 गारंटी

● महिला से बेरोजगार तक सबके लिए किए बड़े वादे ● लोकसभा चुनाव के लिए जारी कर दिया घोषणा पत्र




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने शुक्रवार को 2024 लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में अपना घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष खड़गे, सोनिया, राहुल और मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी. चिदंबरम मौजूद थे। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को 48 पेज का घोषणा पत्र जारी किया। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया, राहुल, खड़गे और मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया। पार्टी के घोषणा पत्र में मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने, एमएसपी को कानून बनाने और जाति जनगणना कराने का जिक्र है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में युवा, महिला, मजदूर और किसान पर फोकस किया है। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम्स का वादा किया गया है। पार्टी ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र वर्क, वेल्थ और वेलफेयर पर आधारित है। यहां वर्क के मायने रोजगार, वेल्थ के मायने आमदनी और वेलफेयर के मायने सरकारी स्कीम्स के फायदे दिलाना है। वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध। लोकसभा और विधानसभा चुनाव तय समय पर ही करवाएंगे। मतदान ईवीएम के जरिए होंगे, लेकिन वीवीपैट की पर्ची से मिलान किया जाएगा। 10वीं अनुसूची में संशोधन का वादा। इसके तहत दलबदल करने पर विधानसभा या संसद की सदस्यता खुद समाप्त हो जाएगी। पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी। हर मामले को संसद या राज्य विधानमंडलों की निगरानी में लाया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा- यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ एनडीए और प्रधानमंत्री मोदी हैं जो संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करता है। कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बुजुर्गों को रेलवे में रियायत देने का वादा किया है। कोरोना के बाद से केंद्र सरकार ने इसे लगभग खत्म कर दिया है। देशभर के लिए 25 लाख रुपए तक फ्री इलाज की योजना कुल बजट का 4 फीसदी स्वास्थ्य के लिए देने का वादा किया है।

## एमपी में इंडिया गठबंधन को वोटिंग से पहले तगड़ा झटका

● सपा उम्मीदवार का नामांकन फॉर्म रिजेक्ट,वीडी शर्मा से था मुकाबला



**भोपाल (एजेंसी)।** खजुराहो लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मीरा यादव का बड़ा झटका लगा है। मीरा यादव के फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया गया है। यह सीट कांग्रेस ने गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी को दी थी। इस सीट से बीजेपी ने एमपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वीडी शर्मा 2019 में भी इसी सीट से चुनाव जीते थे। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी मीरा दीपनारायण यादव ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। शुक्रवार को उनके फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, खजुराहो लोकसभा सीट से सपा की उम्मीदवार मीरा यादव का फॉर्म रिजेक्ट कर दिया गया है। फॉर्म में हस्ताक्षर नहीं किया गया था इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम को लेकर वोटर लिस्ट की प्रमाणित कॉपी संलग्न नहीं की गई थी। नामांकन फॉर्म रिजेक्ट होने के बाद सपा नेता पन्ना कलेक्टर के पास पहुंचे हैं।

## लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में बीजेपी को मजूबती

● निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश आईं साथ, किया बीजेपी ज्वाइन

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मांड्या से निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। भाजपा के सीनियर नेता बीएस येदियुरप्पा, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक, कर्नाटक में चुनाव प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने 60 वर्षीय सुमलता का भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी में स्वागत किया। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में हुए सीट-बंटवारे के समझौते के तहत भाजपा राज्य की 28 लोकसभा सीट में से 25 पर और जद(एस) मांड्या सहित शेष तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मांड्या सीट से पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी कुमारस्वामी मैदान में हैं। अभिनेत्री से नेता बनीं सुमलता ने बुधवार को कहा था कि वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी और भाजपा में शामिल होंगी।

## यूपी के 16 हजार मदरसों से टल गया संकट

● सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी एचसी के फैसले पर रोक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश मदरसा एजुकेशन ऐक्ट को रद्द करने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने मदरसा संचालकों की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा ऐक्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह असंवैधानिक है और सेकुलरिज्म के खिलाफ है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने इस मामले में केंद्र सरकार और यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी इस बेंच में शामिल थे। बेंच ने कहा, मदरसा बोर्ड का उद्देश्य नियामक है। इलाहाबाद हाई कोर्ट का यह कहना पहली नजर में ठीक नहीं है कि मदरसा एजुकेशन बोर्ड का गठन करना सेकुलरिज्म के खिलाफ है। बता दें कि बीते सप्ताह ही इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को आदेश दिया था कि वह मदरसे के छात्रों को आम स्कूलों में ट्रांसफर करे और उनका नामांकन कराए। इलाहाबाद हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने कहा था कि सरकार के पास यह पावर नहीं है कि वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन करे। इसके अलावा सरकार स्कूली शिक्षा के लिए किसी ऐसे बोर्ड का भी गठन नहीं कर सकती, जिसके तहत किसी खास मजहब और उसके मूल्यों की ही शिक्षा दी जाती हो। हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ मदरसा अजीजिया इजाजुतूल उलूम के मैनेजर अंजुम कादरी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इससे पहले 22 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी मदरसा एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था। इसके बाद यूपी में संचालित किए जा रहे करीब 16 हजार मदरसों की मान्यता को योगी सरकार ने खत्म कर दिया था।

## भारतीय सेना का एयर डिफेंस हुआ और मजबूत

आकाशतीर सिस्टम अब करेगा हिफाजत, हांफने लगे दुश्मन

देश भर में आपात हवाई पट्टियों का जाल बिछाने की योजना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना अपनी ताकत को और ज्यादा बढ़ाने की कोशिशों में लगातार जुटी हुई है। इसी कड़ी में, सेना ने एयर डिफेंस को मजबूत के लिए प्रोजेक्ट आकाशतीर के तहत कंट्रोल एंड रिपोर्टिंग सिस्टम को शामिल करना शुरू कर दिया है। इस सिस्टम की तैनाती गुरुवार को बीईएल गाजियाबाद से कंट्रोल सेंटर्स के पहले बैच को हरी झंडी दिखाने के साथ शुरू हुई। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की ओर से यह तकनीक विकसित की गई है। इस प्रोजेक्ट का मकसद सेना के वायु रक्षा तंत्र की ऑपरेशन क्षमता को बढ़ाना है। एक सूत्र ने कहा, आकाशतीर प्रोजेक्ट एक अत्याधुनिक पहल है जिससे पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाने का लक्ष्य है। इसे एयर डिफेंस कंट्रोल एंड रिपोर्टिंग प्रोसेस को ऑटोमेटिक करने के लिए डिजाइन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने बीईएल के साथ इस सिस्टम को डेवलप करने के लिए 1982 करोड़ रुपये का करार किया था। इस एयर डिफेंस सिस्टम में सेंसर और रडार नेटवर्क लगे हुए हैं, जो दुश्मन के विमान को लेकर तुरंत अलर्ट जारी करते हैं।



## चीन की नई चाल से पूरी दुनिया में मची खलबली

● अमरीका समेत दुनियाभर की इंडस्ट्री पर खतरे का साया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी वाला देश चीन इन दिनों आर्थिक मोर्चे पर कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है। देश की इकॉनमी की रीढ़ माने जाने वाला रियल एस्टेट सेक्टर एक तरह से डूब गया है। चीन की जीडीपी में इसकी करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है। रियल एस्टेट के डूबने से पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा पैदा हो गया है। इसकी भरपाई के लिए चीन ने अब दूसरा रास्ता पकड़ लिया है। चीन तेजी से इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने में काम आने वाले कलपुर्जे और सोलर पैनल बना रहा है। चीन में जितनी डिमांड है, उससे दोगुना ज्यादा उत्पादन किया जा रहा है। अमेरिका समेत पूरी दुनिया के बाजारों में इस माल को खपाया जा रहा है। इसके लिए इंडस्ट्री को भारी सब्सिडी दी जा रही है। चीन की यात्रा पर पहुंची अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने भी चेतावनी दी है कि इंडस्ट्री के लिए बीजिंग की सब्सिडी दुनिया के लिए खतरा पैदा कर सकती है। येलेन एक साल से भी कम समय में दूसरी बार चीन की यात्रा पर आई हैं। गुरुवार को वह चीन के दक्षिणी शहर ग्वांगझू पहुंचीं।

## उन्हें लगता है कि राम का नाम लिया तो राम-राम न हो जाए

मोदी बोले-कांग्रेस ने राम मंदिर पर एडवाइजरी जारी की, अपने लोगों से मुंह पर ताला लगाने को कहा

**चूरू (एजेंसी)।** राजस्थान के चूरू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 10 साल में हमने कई काम किए हैं, लेकिन ये बहुत कम है। अभी तक जो मोदी ने किया है, वो तो सिर्फ बड़ी होटलों में मिलने वाला स्टार्टर (एपेटाइजर) है, अभी तो खाने की पूरी थाली बाकी है। उन्होंने तीन तलाक पर कहा कि यह कानून हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है। वे यह समझें कि यह तीन तलाक आपके जीवन पर तो खतरा था ही, मोदी ने आपकी रक्षा तो की है, लेकिन मोदी ने हर मुस्लिम परिवार की भी रक्षा की है। प्रधानमंत्री ने राममंदिर, भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर कांग्रेस व विरोधियों को घेरा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने तो राममंदिर पर एडवाइजरी जारी की है। अपने लोगों से मुंह पर ताला लगाने को कहा है। उन्हें लगता है कि भगवान राम पर कुछ बोला तो कहीं राम-राम न हो जाए। चूरू से भाजपा ने पैरालंपियन देवेंद्र झाझड़िया को उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर हाल ही में पार्टी का दामन थामने वाले राहुल कस्वां को टिकट दिया है। मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से कहा- मैं सार्वजनिक रूप से आपसे प्रार्थना करता हूं। चुनाव का समय है। सबके अपने काम है।





इनके मन में रहता है कि प्रधानमंत्री आएं और हम नहीं जाएंगे तो कैसा लगेगा। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि आप मेरी चिंता छोड़ दीजिए। मेरे हर कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं को दौड़ने की जरूरत नहीं है। कोई छोटा कार्यकर्ता भी रहेगा तो चलेगा। मोदी भी छोटा है, उसके बगल में ही बैठ जाएगा। मोदी ने कहा कि आपमें से बहुत कम लोगों को पता है कि देवेंद्र झाझड़िया और मेरा बहुत पुराना नाता है। मैं जब पहली बार उनसे मिला तो उनकी मां की बातें मेरे मन को छू गई। मुसीबतों से गुजारा करने वाली मां अपने बेटे को देश की सेवा के लिए प्रेरित करती है। देवेंद्र ने भारत का सम्मान बढ़ाया है। देवेंद्र को टिकट देने के पीछे मोदी का मकसद यही था कि गरीब मां के सपने पूरे होने चाहिए। हिंदुस्तान के खेल जगत के बेटे-बेटियों को प्रोत्साहन मिले। इसका प्रतीक देवेंद्र झाझड़िया है। देवेंद्र ने सिर्फ गरीबी से लड़ाई नहीं लड़ी, दुनिया में देश का डंका बजाया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए मिले हैं और क्या-क्या होगा वो अभी बाकी है। ईडी ने दस साल में भ्रष्टाचारियों से एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ऐसे लोगों की जिंदगी जेल में बीतनी चाहिए। मैं इन परिवारवादियों से कहना चाहता हूं कि कितने भी झूठ फैला हो, मोदी डरने वाला नहीं है। कांग्रेस सिर्फ अपना हित देखती है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। आपातकाल लगाया।

## अब स्कूली बच्चे नहीं पढ़ेंगे बाबरी ढांचा गिराने की घटना

एनसीईआरटी ने बदला 12वीं का सिलेबस, तीन जगह किए बदलाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 12वीं क्लास के बच्चे अब राजनीति शास्त्र की किताबों में बाबरी ढांचे के विध्वंस को नहीं पढ़ेंगे। एनसीईआरटी ने किताब में तीन जगह बदलाव का फैसला लिया है, जहां पर 6 दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचे के विध्वंस का जिक्र किया गया था। इसकी बजाय राम मंदिर आंदोलन को विस्तार से पढ़ाया जाएगा। इसके अलावा किन आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर को लेकर फैसला दिया था, यह भी पढ़ाया जाएगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अगले महीने यानी मई से जो नई किताब आएगी, उसमें यह बदलाव दिखेंगे। एनसीईआरटी ने अकादमिक वर्ष 2024-25 के लिए ये बदलाव किए हैं। सीबीएसई बोर्ड को इसकी जानकारी दी गई है। केंद्र सरकार को स्कूली शिक्षा पर सलाह देने वाली और सिलेबस तैयार करने वाली संस्था एनसीईआरटी समय-समय पर किताबों में बदलाव भी करती रहती है। हर साल करीब 4 करोड़ छात्र एनसीईआरटी की स्कूली किताबें पढ़ते हैं। एनसीईआरटी ने चैप्टर 8 में यह बदलाव किया है, जिसका शीर्षक है- भारत में आजादी के बाद राजनीति। राजनीति शास्त्र की किताबों में इस चैप्टर को 2006-07 से शामिल किया गया है। इसमें भारत की राजनीति की उन 5 अहम घटनाओं का जिक्र किया गया है, जो आजादी के बाद घटित हुईं।

## कश्मीर में जमीन खरीदने वाला पहला राज्य बना महाराष्ट्र

● पर्यटकों के लिए बनेगा गेस्ट हॉउस और घूमने के लिए रुक सकेंगे लोग

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में 2.5 एकड़ जमीन खरीदने वाला है, ऐसा करने वाला यह पहला राज्य है। यहां पर्यटकों के लिए गेस्ट हाउस और राज्य भवन बनेगा, जिस पर लगने वाली लागत ।8.16 करोड़ है। महाराष्ट्र सरकार यह जमीन श्रीनगर के बाहरी इलाके श्रीनगर के बाहरी इलाके बडगाम में खरीदेगी। महाराष्ट्र अपने पर्यटकों के लिए पर्यटक सुविधा का लक्ष्य के रखकर जम्मू और कश्मीर में जमीन खरीद कर इतिहास रचने के लिए तैयार है। यह पहल, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। जमीन खरीदने की यह प्रक्रिया पिछले वर्ष जून में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की केंद्र प्रदेश की यात्रा के बाद शुरू हुई थी, जहां उन्होंने राज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ चर्चा की थी। आर्टिकल 370 के निरस्त होने से पहले, पूर्व राज्य में जमीन खरीदना केवल जम्मू और कश्मीर के स्थायी निवासियों तक ही सीमित था। लेकिन, सरकार के पास बिजनेस इंडस्ट्री और सामान्य व्यक्तियों को 99 साल के टाइम पीरियड तक के लिए जमीन लीज पर देने का अधिकार था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने बजट स्पीच में श्रीनगर और अयोध्या में दो महाराष्ट्र भवन बनने की प्लानिंग शेयर की थी।

## लोकसभा चुनाव से पहले 'द केरल स्टोरी' अब पर गरमाई राजनीति

सीएम पिनराई विजयन ने दूरदर्शन पर दिखाने से की रोक की मांग




**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले बॉलीवुड फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर राजनीति एक बार फिर से गरमा गई है। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने इसे दूरदर्शन पर प्रसारित करने से रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, दूरदर्शन की ओर से ध्रुवीकरण को बढ़ावा करने वाली फिल्म द केरल स्टोरी को प्रसारित करने का निर्णय बेहद निंदनीय है। राष्ट्रीय समाचार प्रसारक को भाजपा-आरएसएस की प्रचार मशीन नहीं बनना चाहिए और इस फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं करनी चाहिए। जो केवल आम चुनाव से पहले सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केरल नफरत फैलाने के ऐसे दुर्भावनापूर्ण प्रयासों का दृढ़ता से विरोध करता रहेगा। केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने इसे लेकर केरल के सीएम पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, द केरल स्टोरी एक ऐसी फिल्म है जिसे सेंसर बोर्ड ने अनुमति दी है। वामपंथी हमेशा से कहते रहे हैं कि हम अभिव्यक्ति की आजादी के पक्ष में हैं। ऐसे में मुझे समझ नहीं आता कि जब ऐसी फिल्म प्रसारित हो रही है तो उन्हें चिंता क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि वामपंथी को बेतुके आरोप लगाने के लिए जाना जाता है। मालूम हो कि दूरदर्शन ने 5 अप्रैल को रात 8 बजे फिल्म द केरल स्टोरी को टेलीकास्ट करने का फैसला किया है।

संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर में चिराग पासवान को पशुपति पारस का समर्थन



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के मुखिया पशुपति पारस ने हाजीपुर लोकसभा सीट पर अपने भतीजे चिराग पासवान का समर्थन करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत ही उनका मकसद है। ऐसे में हाजीपुर सीट से भले ही चिराग पासवान या एनडीए के किसी भी दल का नेता लड़े, पारस का उन्हें समर्थन रहेगा। पशुपति पारस ने चिराग पासवान से दुश्मनी पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आपसी लड़ाई अलग है, लेकिन चुनाव में एकजुट होकर जीतना जरूरी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में हाजीपुर लोकसभा सीट पर आगामी चुनाव में चिराग पासवान का समर्थन करने की बात कही। पारस ने कहा कि भले ही लोजपा हो, चिराग पासवान हो, बीजेपी हो, जेडीयू हो, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी हो या जीतनराम मांझी का दल हो, सभी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। चिराग पासवान से अदावत के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हम नीति और सिद्धांत से चलने वाले लोग हैं। किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी या व्यक्तिगत विरोध है, तो गठबंधन में उसे शामिल नहीं करते हैं। हमारा एक ही लक्ष्य है कि बिहार की सभी सीटें जीतकर देश में तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बने। बता दें कि हाजीपुर सीट पर चुनाव लड़ने के लिए पारस की अपने भतीजे चिराग से लंबी अदावत चली। यहां से पारस अभी सांसद हैं। एनडीए के सीट बंटवारे में बीजेपी ने इस बार हाजीपुर समेत रालोजपा की सभी सीटें चिराग पासवान के गुट वाली लोजपा रामविलास को दे दी। एक भी सीट नहीं मिलने के बाद पारस बीजेपी से नाराज हो गए थे, उनके महागठबंधन में जाने की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। हालांकि, एक दिन पहले उन्होंने दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को आगामी चुनाव में उनका समर्थन रहेगा।

### सनहौला में थ्रेशर के पलटने से मजदूर की मौत

**भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के देवकुंडा गांव में थ्रेशर पलटने से 21 वर्षीय बीरबल कुमार पिता जयराम सिंह की मौत हो गई। एक पैर से विकलांग बीरबल बुधवार की देर रात ट्रॉली थ्रेशर लेकर गेहूं तैयारी करने जा रहा था। देवकुंडा पूल के निकट थ्रेशर पलटने से वह दब गया। चाचा दिवाकर सिंह के बयान पर सन्हौला थाना में अप्राकृतिक मौत की मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सुल्तानगंज- अतिक्रमित जमीन खाली कराने की कार्रवाई शुरू

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** नगर परिषद वार्ड 25 स्थित बैकुंठपुर मोहल्ले में गुरुवार से अंचल प्रशासन ने बिहार सरकार की अतिक्रमित जमीन को खाली कराने की कार्रवाई प्रारंभ की। सीओ रवि कुमार ने बताया कि तीन डिसमिल जमीन पर तीन लोगों ने पक्का व कच्चा मकान बना लिया है। पूर्व में वहां के लोगों ने लोक शिकायत निवारण में शिकायत किए जाने पर अतिक्रमण हटाने की हटाने की कार्रवाई शुरू करते हुए मौके पर अंचल राजस्व कर्मचारी, अमीन व सुरक्षा गार्ड के साथ मजदूरों को भेजा गया। देर-शाम तक अतिक्रमित जमीन पर मकान के हिस्से को तोड़ा गया है। अतिक्रमित जमीन को मुक्त कराकर इसकी रिपोर्ट लोक शिकायत निवारण को भेजा जाएगा।

### यादव नगर में स्मैकियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** स्मैकियों के उत्पात से परेशान सदर थाना के यादव नगर मोहल्ला के लोगों ने गुरुवार को स्मैकियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। बताया जाता है कि मोहल्ला में महिला और लड़कियों पर अकसर स्मैकियों द्वारा फब्तियां और छेड़खानी की जा रही थी। एक मैदान में छह स्मैकिया जमघट लगाए हुए थे। रास्ते से आने-जाने वाली इलाके की महिलाओं पर फब्तियां कस रहे थे। लोगों को जब जानकारी मिली तो मुहल्लेवासी वहां पहुंच कर स्मैकिया को दौड़ा-दौड़ा कर पीट कर भगा दिया। सूचना पर सदर थाने की गश्ती पुलिस भी वहां पहुंची। मुहल्लेवासियों ने पुलिस पदाधिकारियों से स्मैकियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग की।

# शिक्षा विभाग का नया आदेश:8वीं पास करने वाले छात्रों को अपने ही पंचायत में लेना होगा नामांकन




**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी में शिक्षा विभाग द्वारा एक और नया आदेश जारी किया गया है। दरअसल, अब सरकारी स्कूलों से 8वीं कक्षा पास करने वाले बच्चों का 9वीं कक्षा में नामांकन अपने पंचायत में कराना होगा। अगर किसी कारण आपको पंचायत से बाहर नामांकन कराना है, तो डीईओ से अनुमति लेना होगा। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसमें विभागीय गाइडलाइन के तहत जारी शैक्षणिक सत्र में 8वीं कक्षा पास करने वाले बच्चों का 9वीं कक्षा में नामांकन पोषक क्षेत्र के अपने ही पंचायत के हाई स्कूल में कराने की रणनीति तय की गई। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा डीपीओ रिशु राज सिंह ने हाई स्कूलों के हेडमास्टरों को जानकारी देते हुए कहा कि अब टैग मिडिल स्कूल से 8वीं कक्षा पास करने वाले बच्चों का नामांकन संबंधित टैग हाई स्कूलों में किया जाना जरूरी है। डीपीओ ने कहा कि विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में सभी पंचायतों में एक-एक उच्च माध्यमिक स्कूल की स्थापना की जा चुकी है। साथ ही इन उच्च माध्यमिक स्कूलों में योग्य शिक्षक ससमय आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जा रही है। ऐसे में संबंधित पंचायत के मिडिल स्कूलों से 8वीं पास करने वाले बच्चों को 9वीं कक्षा में नामांकन के लिए इधर-उधर भटकने की जगह अब उनके अपने ही पंचायत स्थित हाई स्कूल में नामांकन कराने का अवसर मिलेगा।

### 286 उच्च माध्यमिक स्कूल स्थापित

हेडमास्टरों ने पोषक क्षेत्र के निर्धारण साथ ही हेडमास्टरों को निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिले के सभी 254 पंचायतों और नगर निकाय क्षेत्र समेत कुल 286 उच्च माध्यमिक स्कूल स्थापित है। इसकी जानकारी देते हुए माध्यमिक शिक्षा डीईओ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में उच्च माध्यमिक स्कूलों की सुविधा उपलब्ध कराने की नीति के अनुसार वर्तमान में जिले के सभी पंचायतों में उच्च माध्यमिक स्कूल संचालित है। इसका मुख्य उद्देश्य रहा है कि उक्त पंचायत में छात्र-छात्राओं को 9वीं कक्षा में पढ़ने के लिए अधिक दूरी तय कर दूर के स्कूल में नामांकन कराने की स्थिति नहीं बने। सरकार की इस नीति के अनुरूप बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रथम और द्वितीय चरण में अध्यापक नियुक्ति परीक्षा के अधार पर विषयवार अध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया में टीचर योगदान कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व से कार्यरत शिक्षक भी इन स्कूलों में उपलब्ध है और विषयवार शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए बीपीएससी से तीसरे चरण की बहाली प्रक्रिया भी जारी है।

किसी कारण पोषक क्षेत्र यानी पंचायत से बाहर के हाई स्कूल में नामांकन कराने वाले बच्चों को डीईओ से अनुमति प्राप्त करना होगा। यानी 8वीं कक्षा पास स्कूल से ट्रांसफर प्रमाण पत्र पर डीईओ से काउंटर साइन कराना अनिवार्य होगा। डीईओ के काउंटर साइन के बगैर पंचायत और पोषक क्षेत्र के बाहर के हाई स्कूल में नामांकन संभव नहीं होगा। विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में अगर कोई स्टूडेंट अपने पंचायत से अन्यत्र दूसरे पंचायत में नामांकन लेने के लिए जाना चाहता है। उन्हें स्कूल ट्रांसफर प्रमाण पत्र(टीसी) निर्गत नहीं किया जाएगा। केवल विशेष परिस्थिति में कारण दर्शाते हुए विद्यार्थी और उनके पेरेंट्स द्वारा अनुरोध करने की स्थिति में डीईओ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित स्कूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा।



## पटना में गंगा नदी में युवक ने लगाई छलांग, मौत

### कपड़ा दुकान में काम करता था मृतक, छानबीन में जुटी पुलिस

**पटना, एजेंसी।** पटना सिटी के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रकाश कुमार (30)के तौर पर हुई है। घटना लॉ कॉलेज घाट मरीन ड्राइव के पास की है। जानकारी के मुताबिक युवक के गंगा नदी में छलांग लगाते ही मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ कार्यालय को दी। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ के पदाधिकारी राजेंद्र सहनी गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। घंटों मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। आनन-फानन में नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकाश कपड़ा दुकान में काम करता था। गंगा नदी में वो खुद कूदा है या किसी ने गिरा दिया है। इस बारे में फिलहाल कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## कोचिंग से लौट रही थी घर, नालंदा में इलाज के दौरान तोड़ा दम

## सड़क हादसे में घायल छात्रा की मौत, चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में एक छात्रा की सड़क हादसे में गुरुवार को मौत हो गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाईमठ गांव के समीप की है। मृतका की पहचान चण्डी थाना क्षेत्र के मानिक बीघा गांव निवासी शिवधारी महतों की (16) वर्षीया पुत्री करीना कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे।

घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि करीना कुमारी पढ़ाई कर घर लौट रही थी इसी बीच सड़क पार करने के दौरान अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन भी गड्ढे में जा पलटा। स्थानीय लोगों की मदद से करीना को इलाज के लिए कल्याण वीघा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के क्रम में पावापुरी मेडिकल कॉलेज में करीना की मौत हो गई। वहीं मौके का फायदा उठाकर वाहन चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। मौत की पुष्टि की उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। करीना कुमारी तीन बहन और दो भाई है। पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं। वह इंटरमीडिएट की पढ़ाई के अलावे प्रतियोगिता परीक्षा की भी तैयारी में जुटी हुई थी। नरसन्ढा स्थित कोचिंग से 12th कक्षा की पढ़ाई कर शाम में साइकिल से घर लौट रही थी। चण्डी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं वाहन को जब्त करते हुए थाना लाया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, मुंगेर में बाइक की चपेट में आया वृद्ध



### स्थानीयों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर में गुरुवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक 62 साल की वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि इस घटना में आरोपी बाइक चालक सिट्टू कुमार सहित बाइक को ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। घटना जिला अंतर्गत कासिम बाजार थाना क्षेत्र के चुआबाग स्थित मोकबिरा चांय टोला की है। मृतक की पहचान कासिम बाजार थाना क्षेत्र के मोकबिरा चांय टोला निवासी मदन महतो के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। जबकि घटना की जानकारी लगने के बाद मुंगेर विधायक प्रणव कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मिले और सांत्वना दिए। इधर, घटना के संबंध में परिजनों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मदन महतो अपने घर के पास मुख्य सड़क को पार कर दूसरे तरफ जा रहे थे। तभी सामने की ओर से आ रहे तेज बाइक चालक ने अपना संतुलन खोते हुए वृद्ध को धक्का मार दिया। इस घटना में उसे शरीर में गहरी चोट लगने की वजह से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि परिजनों द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि घटना के बाद विधायक के पहल पर तुरंत कार्रवाई करते हुए यातायात थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। हालांकि, घटना देर शाम होने की वजह से मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम गुरुवार को नहीं हो पाया। शुक्रवार की सुबह उसका पोस्टमॉर्टम होगा। इधर, घटना से नाराज परिजन और आक्रोशित गामीणों द्वारा आरोपी बाइक चालक के साथ मारपीट की गई। जिसे पुलिस अपनी कस्टडी में लेकर उसका भी सदर अस्पताल में इलाज कराया। यातायात थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हुई है। ग्रामीणों द्वारा आरोपी बाइक चालक को भी पकड़ लिया गया और पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। हमलोग शव का पोस्टमॉर्टम कराने में लगे हैं। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## पटना में चल रहा था बंद हो चुके 2000 के नोटों को बदलने का खेल, 9.74 लाख जब्त ; 12 हिरासत में

**पटना , एजेंसी।** राजधानी पटना के पाटलिपुत्र स्टेशन के पास लखनऊ मिलेट्री इंटेलिजेंस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर रुपए 2000 के नोट, जो कि 9 लाख 74 हजार रुपए के नोटों के साथ 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है. इंटेलिजेंस को 5 करोड़ के नोट बदले जाने की सूचना मिली थी.

**2000 रुपए के बदलने के खेल का पर्दाफाश:** बता दें कि मिलेट्री इंटेलिजेंस लखनऊ की टीम को ने गोपनीय सूचना के आधार पर पाटलिपुत्र थाना अंतर्गत, पाटलिपुत्र जंक्शन के पास पाटलिपुत्र हेरिटेज अपार्टमेंट के रूम नंबर 208 में छापेमारी कर बरामद किया. इस दौरान मौके से 9 लाख 74 हजार रुपए रिकवर किए गए. ये रुपए 2000 के बंद हो चुके नोटों के रूप में थे, जिन्हें बदलने के गोरखधंधे का खुलासा हुआ है. इस मामले में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है.

**2016 में लागू हुई थी नोटबंदी :** बता दें कि साल 2016 में मोदी सरकार ने नोटबंदी लागू की थी. तब पुराने 500 और 1000 रुपए के नोटों को बंद कर दिया गया था. जब दोबारा नोट छापे जाने लगे तो 2000 रुपए के नोट छापे गए. लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले साल 19 मई 2023 को देश की सबसे बड़ी करेंसी 2000 रुपये के नोटों को बंद कर सर्कुलेशन से बाहर कर दिया था. लेकिन उससे पहले इन नोटों का सर्कुलेशन सरकार ने बैंकों के जरिए रोक दिया था.



## बालू उठाव के लिए बनाए गए गड्ढे में डूबा बच्चा, मौत

### आक्रोशितों ने 2 पोकलेन और ट्रैक्टर में लगाई आग...फायर बिग्रेड की गाड़ी को भी आग के हवाले किया

**बांका, एजेंसी।** बांका में गुरुवार को गहरे गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। गड्ढा बालू संवेदक द्वारा बालू उठाव करने के लिए बनाया गया था। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर बवाल किया। गुस्साए लोगों ने मौके पर दो पोकलेन और एक ट्रैक्टर में आग लगा दी। घटना जिले के आनंदपुर ओपी थाना क्षेत्र की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी आग के हवाले कर दिया। इसमें सभी वाहन धूं-धूं कर जलने लगा।

इस दौरान कई घंटे तक जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा चला। आक्रोशित लोगों को उग्र देखते हुए पुलिस प्रशासन को पीछे हटना पड़ा। घटना की सूचना पर एसडीपीओ राजकिशोर कुमार भी पहुंचे। मामला उग्र देखते हुए आसपास के कई थाने की पुलिस और एसएसबी जवान मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। आवेदन के अनुसार बांका के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत आनंदपुर ओपी थाना क्षेत्र के मोहनडीह गांव के पास नदी में बालू संवेदक द्वारा बालू उत्खनन किया गया था। इसके कारण गहरे गड्ढे में डूबने से धर्मेंद्र शर्मा उर्फ संतोष शर्मा का बेटा प्रिंस कुमार की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि प्रिंस कुमार उक्त नदी की ओर गया हुआ था। काफी देर तक वापस लौट कर घर नहीं आया। इसको देखते हुए परिजन और ग्रामीण खोजबीन के लिए नदी के पास पहुंचे। इस दौरान आसपास नहीं मिलने के बाद उस जगह पर JCB से किए गए गड्ढे में खोजबीन शुरू की। इसके बाद गड्ढे के अंदर से बच्चे को निकाला और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने बच्चे को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन द्वारा मेरीकुलस आर्गनाइजेशन मिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा खुदाई करने का आरोप लगाया है। इसके कारण गहरे गड्ढे में बच्चे की डूबने से मौत हुई है। इसके बाद आक्रोशित मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने मिलकर पहले जमकर बवाल किया। इसके बाद उस जगह पर मौजूद दो पोकलेन और एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। आग लगाने की सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची। लेकिन आक्रोशित लोगों ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी आग के हवाले कर दिया। लोगों को उग्र देखकर पुलिस को मौके से पीछे हटना पड़ गया। इसकी सूचना के बाद एसडीपीओ राज किशोर कुमार के साथ काफी संख्या में आसपास थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद बैठक कर आक्रोशित लोगों को काफी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया। कई पुलिस बल मृतक प्रिंस कुमार के घर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उग्र ग्रामीणों को समझा बुझाकर अग्रिम करते हुए मृत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बांका भेज दिया। घटना के संबंध में एसडीपीओ राज किशोर कुमार ने बताया कि एक बच्चे की डूबने से मौत हुई है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने पोकलेन और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। मौके पर आग बुझाने आई दमकल गाड़ी को भी आग के हवाले कर दिया गया। आवेदन के अनुसार पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना को लेकर हर बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### लौरिया साहु जैन खेल स्टेडियम हुआ जर्जर



**बेतिया** । लौरिया नगर पंचायत स्थित साहु जैन खेल स्टेडियम लौंरिया मुख्यालय का एकमात्र बड़ा स्टेडियम है जहां खेलकूद प्रतियोगिता के अलावे राजनेताओं का राजनीतिक व कलाकारों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन इसी स्टेडियम में लोग कराते हैं। लोकसभा का चुनाव भी सर पर है यही पर हर दल के नेताओं का भाषण होने वाला है। साहु जैन स्टेडियम बिल्कुल जर्जर व जीर्ण शीर्ण अवस्था में है । विभागीय उदासीनता के कारण लौंरिया का साहु जैन खेल स्टेडियम अपनी बदहाली पर रो रहा है। इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। कहने के लिए लौरिया में स्टेडियम है परंतु वह जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। इस पर बैठना भी खतरे से खाली नहीं है। इस खेल स्टेडियम मे बड़े व दिग्गज नेताओं का कार्यक्रम होने के बावजूद आज भी उपेक्षा का शिकार है। वहीं यहां फुटबॉल बाली बाल व क्रिकेट टुरनामेंट का आयोजन हमेशा होते रहता है। खिलाड़ी व दर्शकों के लिए एक अदद शौचालय भी नहीं है जिससे आमजनों व खिलाड़ियों को काफी परेशानी होती है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता जीतेन्द्र पांडे दशरथ साह मुलायम यादव मुकेश अमन विकास सहित अन्य ने जिला पदाधिकारी व आला अधिकारियों से ध्यान आकृष्ट कराते हुए साहु जैन स्टेडियम का नवीनीकरण व शौचालय निर्माण कराने की मांग की है।

### डीएम एवं एसपी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**छपरा**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला ने शुक्रवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ईवीएम की सुरक्षा एवं रख रखाव का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपनिर्वाचन पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### युवा नमो चौपाल में सिग्रीवाल का हुआ भव्य स्वागत



**छपरा**। एकमा नगर पंचायत के मधुर आशियाना विवाह भवन में युवा नमो चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन राजीव सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसके पहले महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को युवाओं ने गाजेबाजे के साथ भव्य स्वागत किया। गोपालगंज से आए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने अपने भाषण के क्रम में कहा कि प्रत्येक युवा क्षेत्र में जाकर अपने वार्ड में महिलाओं व पुरुषों नौजवानों से मिल कर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो की जानकारी को समझाने का कार्य करें। महाराजगंज के प्रत्याशी के रूप में बाहर से पहलवान को बुलाया जा रहा है। राजद महाराजगंज से पलायन हो चली है। उक्त मौके पर सुधांशु सिंह ने अपने भाषण के क्रम में कहा कि आज के युवा सोशल मिडिया पर अधिक सक्रिय हैं। सारण जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष राम दयाल शर्मा ने बताया कि यह युवाओं का देश है। हमारे सांसद चार लाख पार से जीत हासिल करेंगे। मंच का संचालन युवा नेता गौरव सिंह किशन ने किया। साथ ही महाराज गंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने अपने भाषण के क्रम में कहा कि युवा देश के शक्ति है। महाराजगंज के लोक सभा के चुनाव में प्रत्येक बूथ पर पचास से अधिक कार्यक्रता मतदान के दिन तैयार होकर एक एक वोट करवाने का कार्य करके। उक्त मौके पर सैकड़ों युवा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीस दिन से लापता नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया बरामद

**छपरा**। पानापुर थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव से बीस दिन पूर्व लापता हुई नाबालिग लड़की को स्थानीय थाना की पुलिस ने नाटकीय ढंग से पानापुर बाजार से बरामद कर लिया। बता दें कि गत 28 मार्च को धेनुकी गांव निवासी लड़की के पिता ने अपनी पुत्री की शादी के नियत से घर में घुसकर जबरदस्ती उठा ले जाने का आरोप लगाया था। उन्होंने अपने ही गांव के मनु प्रसाद, राहुल प्रसाद, गुड्डू प्रसाद सहित आधे दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से स्थानीय थाना की पुलिस लड़की की बरामदगी को लेकर प्रयासरत थी। कांड के अनुसंधानकर्ता एसआई संजय कुमार भारती ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की लापता नाबालिग लड़की पानापुर बाजार में बस से उतरकर ऑटो रिक्शा से घर जा रही है जिसके बाद उसे बारामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि बरामद लड़की को 164 के बयान के लिए न्यायालय मे भेजा गया जहां से न्यायालय द्वारा उसे बालिका गृह में भेज दिया गया।

### डुमरी में बन रहे सड़क निर्माण में अनियमियता की शिकायत

**चाणक्य भूमि,सम्बाददाता नानोसती**। मझौलिया प्रखंड में अवस्थित तिरवाह क्षेत्र में डुमरी से बिन टोली तक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना के तहत तीन किलोमीटर सड़क निर्माण में अनियमियता की शिकायत उजागर हुआ है।ग्रामीणों ने इस बावत हस्तक्षेप की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य में मिट्टी की बजाय बालू भरा जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने संवेदक के खिलाफ हंगामा किया। इस बीच गांव में पिछले दो माह से डेरा डालें मुंशी को खदेड़ा।ग्रामीणों में उपेंद्र मुखिया, जितेंद्र यादव, मदन मुखिया, दिनेश मुखिया, महंत मुखिया, लोरिक मुखिया इत्यादि ने बताया कि पिछले एक साल से इस सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है परंतु आज तक पूरा नहीं हुआ। इधर छह माह से सड़क पर बालू बिछाकर छोड दिया गया है नतीजतन इस मार्ग से वाहन को कौन कहे राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग पर ट्रेक्टर चलने से सडक के दोनों किनारों पर दो फीट गड्ढा बन गया है।

### कैंसरग्रस्त मरीजों को रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी के लिये किया गया जागरूक

**चाणक्यभूमि संवाद सूत्र**। इंटास फाउंडेशन अपना घर पटना में डॉक्टर खुशबू सिन्हा वाइजमैन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंटिस्ट की वैज्ञानिक, के द्वारा कैंसरग्रस्त मरीजों को रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने मरीजों को बताया कि आपको कैसे अपने उपचार के दौरान सावधानियां रखनी चाहिए साथ ही डॉक्टर द्वारा मरीजों को स्वस्थ जीवन शैली और संतुलित आहार के महत्व को बताते हुए उन्हे अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी गई। इंटास फाउंडेशन की तरफ से प्रोजेक्ट एसोसिएट शालिनी सिन्हा, काउंसलर रोशन कुमार, हिमोफिलिया काउंसलर दीपक कुमार उपस्थित रहे।

# चमकी बुखार से सतर्क रहने का निर्देश, रोकथाम के लिये जिला टास्क फोर्स गठित

- बच्चो को खाली पेट में नही सुलाये: सिविल सर्जन
- पीएचसी व सीएचसी को अलर्ट मोड़ में रहने का डीएम का निर्देश

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



**बेतिया**।शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जेई/एईएस की रोकथाम हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जेई/एईएस (मस्तिष्क ज्वर-चमकी बुखार) की रोकथाम हेतु पूरी तैयारी रखें। सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सभी व्यवस्थाएं अपडेट रखें। उन्होंने कहा कि जेई/एईएस (चमकी बुखार) से पीड़ित बच्चों के ईलाज के प्रति सजग एवं सतर्क रहें। बच्चों की जान कीमती है। मेडिकल कॉलेज सहित जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को अलर्ट रखा जाय। संस्थानों में वार्ड एवं बेड की पर्याप्त व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी में जेई/एईएस से बचाव हेतु सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। आवश्यक दवाओं के साथ-साथ पैरासिटामोल, ओआरएस, विटामिन ए सहित ग्लूकोज भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करायें। साथ ही पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस की व्यवस्था, डॉक्टर, नर्सेज की उपस्थिति आदि की समुचित व्यवस्था सभी स्वास्थ्य संस्थानों में रहनी चाहिए। सिविल सर्जन स्वयं सभी कार्यों का नियमित अनुश्रवण एवं निरीक्षण करते रहेंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही, कोताही एवं शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अभिभावकों को बताएं कि कोई भी बच्चा रात में भूखा नहीं सोए, इस बीमारी के कुछ भी लक्षण दिखे तो जल्द से जल्द अस्पताल जाएं ताकि उनका समय पर ईलाज हो सके। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी "चमकी को धमकी" के तीन मुख्य बातें यथा-(1) खिलाओ- बच्चों को रात में सोने से पहले भरपेट खाना जरूर खिलाएं (2) जगाओ-रात के बीच में एवं सुबह उठते ही देखें कि कहीं बच्चा बेहोश या उसे चमकी तो नहीं एवं (3) अस्पताल ले जाओ- बेहोशी या चमकी दिखते ही आशा को सूचित कर तुरंत 102 एम्बुलेंस या उपलब्ध वाहन से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें।सिविल सर्जन ने बताया कि अभिभावक अपने-अपने बच्चों को रात में बिना खाना खिलाएं नहीं साने दें। अगर कोई बच्चा शाम के समय में खाना खाया है और सो गया है तो उसे भी रात में जगाकर अवश्य खाना खिलाएं। इसके साथ ही बच्चों को रात में सोते समय अनिवार्य रूप से मीठा सामग्री यथा-गुड़, शक्कर, चीनी आदि खिलाएं। उन्होंने कहा कि चमकी बुखार अधिकांशतः रात के 02 बजे से 04 बजे के बीच अक्रामक रूप लेता है, इस समय सभी अभिभावकों को सचेत रहने की आवश्यकता है। अगर चमकी के साथ तेज बुखार हो तो तुरंत क्षेत्र के एएनएम, आशा कार्यकर्ता अथवा आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को सूचित करें। इनके माध्यम से आवश्यक दवाएं तथा प्राथमिक उपचार की जायेगी तथा नजदीकी पीएचसी में ले जाकर समुचित उपचार किया जायेगा।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता,राजीव कुमार सिंह, एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार, एसडीएम, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, सिविल सर्जन, डॉ0 श्रीकांत दूबे, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ0 रमेश चन्द्रा, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, हरेन्द्र कुमार सहित डॉ0 मुन्ना आदि उपस्थित रहे।

## सारण के प्रमंडलीय आयुक्त का आदेश: आगामी त्योहारों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखें

चाणक्य भूमि। छपरा



आगामी समय में कई त्योहारों का आयोजन होने जा रहा है, साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया भी जारी है। इसलिये सभी जिले पूरी सजगता एवं सतर्कता के साथ विधि व्यवस्था को बनाये रखने हेतु कार्रवाई करें। उक्त बातें आयुक्त सारण प्रमंडल सरवनन एम ने कहीं। वे शुक्रवार को सारण प्रमंडल के सभी जिलों के साथ त्यौहारों के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर बैठक कर रहे थे। बताया गया कि आने वाले सप्ताहों में ईद, चैती नवरात्रा, चैती छठ एवं रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहार हैं। इसके साथ ही लोकसभा आम चुनाव भी प्रक्रियाधीन है। इसलिये सभी जिलों को चौकस रहते हुये विधि व्यवस्था को बनाये रखना है। सभी स्तरों पर शांति समिति की बैठक आहुत करने को कहा गया। आसूचना संकलन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। सभी जिला, अनुमंडल एवं अन्य स्तरों पर नियंत्रण कक्ष को कारगर ढंग से क्रियाशील रखने को कहा गया। पूर्व की घटनाओं को ध्यान में रखते हुये उसके अनुरूप पूर्व तैयारी एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जुलूस के लिये पूर्व से निर्धारित लाइसेन्स की अनिवार्यता का अक्षरशः अनुपालन का निदेश दिया गया। लाइसेन्स में निर्धारित शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। ईद की नमाज के समय यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने हेतु कार्रवाई का निदेश दिया गया। चैती छठ के अवसर पर सभी छठ घाटों का भौतिक सत्यापन स्थानीय पदाधिकारियों के माध्यम से सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। घाटों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग, रोशनी की व्यवस्था तथा एसडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुये किसी भी तरह के अफवाहजनक एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। आयुक्त ने एक एक कर सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से विधि व्यवस्था को लेकर की गई तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक विकाश बर्मन, जिलाधिकारी अमन समीर पुलिस अधीक्षक सारण डॉ० गौरव मंगला तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिवान एवं गोपालगंज जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जुड़े थे।

## मस्जिदों में अदा की गई अलविदा नमाज



चाणक्य भूमि। बेतिया

रमजान के अलविदा जुमे की नमाज मैनाटांड प्रखंड और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत तथा शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। इस मौके पर देश व प्रदेश की तरक्की, खुशहाली और कौम की उन्नति की दुआ की गई। शुक्रवार को इनरवा मुख्य जामा मस्जिद मे मुसलमान भाइयों ने अलविदा जुमा की नमाज अदा की। नमाज अदा करने से पहले मदरसा के मौलाना ने तकरीर में रमजान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रमजान में दुनिया भर के मुसलमान पूरे महीने का रोजा रखते हैं। रोजा सिर्फ इबादत और अल्लाह को खुश करने का तरीका भर नहीं है, बल्कि यह इंसान को सही मायने में इंसानियत के ढांचे में ढाल देता है। रोजा एक-दूसरे के दुख-दर्द को समझने तथा मदद करने के लिए प्रेरित करता है। पवित्र रमजान माह के शुरू होने के बाद स्थानीय बाजार इनरवा में चहल पहल व सक्रियता बढ़ गई है । वहीं ईद पर्व की तैयारी शुरू कर दी गयी है। ईदगाहों की साफ सफाई शुरु हो गयी है। घर से बाहर रहने वाले लोगो का भी आना शुरू हो गया है।उधर बाजारों में भी सेवईयां की दूकानें सज गयी है।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर पुरस्कृत हुए बच्चे

चाणक्य भूमि। छपरा



ग्रोथ पब्लिक स्कूल कोहड़ा बाजार का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, स्कूल के निदेशक धर्मेंद्र कुमार सिंह, एमके सिंह, अनु सिंह व पिंकी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना करते हुए सांसद ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण अच्छी शिक्षा पाकर हीं बच्चे जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल कर सकते हैं। सांसद के हाथों स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड पूनम कुमारी व बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड पायल कुमारी को दिया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में पायल, श्रेया, अनि, हर्षिका, नंदनी, रोशनी, मानवी, अनामिका, रोहित, शुभम, सुधांशु आदि ने सरहानीय प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका एष्ठर अंगामी ने किया। मौके पर नेहा कुमारी, रजनी सिंह, पीयूष सिंह, शालू कुमारी समेत हेम नारायण सिंह, काशीनाथ सिंह, पूर्व मुखिया राम प्रसाद सिंह, फणीन्द्र सिंह, पवन गुप्ता समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## आग लगने से तीन घर जल कर राख

### आग से घर मे रखा समान सहित एक दर्जन बकरी भी झुलसकर मर गए

चाणक्य भूमि। बेतिया





लौंरिया मठिया पंचायत के सिकटा मंगुराहा गांव में आग लगने से तीन घर जल कर राख हो गया। घटना शुक्रवार के दोपहर का बताया गया। आग लगने की सुचना पर लौंरिया फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से घर में रखे कपड़ा बर्तन अनाज एवं नगद राशि एवं गहने जल कर राख हो गया। वहीं आग से एक दर्जन बकरी भी झुलसकर मर गए आग से उमेश पटेल दुखी पटेल एवं चोकट पटेल का घर जल कर राख हो गया है। वहीं घटना स्थल पर पंचायत समिति सदस्य मनोज राम ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। तथा सरकार से हर संभव सहयोग दिलाने में सहयोग करने की बात कही।

### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर सरकारी अमीन व बाइक चालक गंभीर

चाणक्य भूमि। बेतिया

मैनाटांड इनरवा के मुख्य पथ रमपुरवा गांव में पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर चालक व सवार गंभीर. घटना शुक्रवार की सुबह की है. मिली जानकारी के अनुसार सरकारी अमीन लक्ष्मण भारती इनरवा जमीन मापी के लिए जा रहा था, उसी दौरान रमपुरवा गांव में एक लोडेड पिकअप तेज गति से खेत से सड़क पर चढ़ा रहा था. जिससे बाइक में टक्कर मार दी. बाइक चालक मैनाटांड थाना क्षेत्र के रमपुरवा निवासी चंद्रशेखर प्रसाद का पुत्र संतराज और अमीन लक्ष्मण भारती गंभीर रूप से जख्मी हो गया. ग्रामीणों ने आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए बेतिया निजी अस्पताल ले गये. जहां संतराज की गंभीर स्थिति के कारण डॉक्टर ने रेफर कर दिया. वही लक्ष्मण भारती का इलाज बेतिया में ही चल रहा है।

## दर्पण एप से बनेगी चिकित्सकों कि उपस्थिति

- शुक्रवार एवं शनिवार को आयोजित होगा संध्या चौपाल

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र



जिला पदाधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में एईएस/जेई समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में पिरामल टीम और संस्थान के सभी चिकित्सा पदधिकारियो एवं कर्मियों ने भाग लिया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने बैठक को संबोधित करते हुए जिला में एईएस (चमकी) के तैयारियों पर विस्तृत जानकारिया दी एंव दर्पन एप के द्वारा डाक्टर की उपस्थिती बनाने को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला मुख्यालय से लेकर प्रखण्ड मुख्यालय तक के सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों को पूरी जवाबदेही एवं तत्परता से मिशन मोड में कार्य करने तथा पंचायतों से संबद्ध पदाधिकारी को संबंधित पंचायत में प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार को आयोजित संध्या चैपाल में जागरूकता कार्यक्रम को गति प्रदान करने हेतु बच्चों के प्रति मानवीय आधार पर संवेदनशील होकर निश्चित रूप से भाग लेने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखण्डों में एईएस वार्ड को पूरी तौर पर तैयार रखने और जरूरी दवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने को कहा तथा कर्तव्य से अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सा कर्मी के विरूद्ध कार्रवाई करने को कहा।

## बीटेक कर शुभम सिंह बने बैंक में पीओ, परिवार में खुशी



चाणक्य भूमि। छपरा

मन में लगन और इरादे बुलंद हो तो सफलता जरूर मिलती है। दाउदपुर थाना क्षेत्र के हर्षपुरा गांव निवासी व किसान जयशंकर सिंह तथा माता उर्मिला देवी के पुत्र शुभम कुमार सिंह ने सेन्ट्रल बैंक में पीओ के पद के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उसकी सफलता पर परिवार में काफी खुशी है। परिजनों ने बताया कि शुभम ने गांव में हीं रहकर प्रारंभिक शिक्षा हासिल की है। उसके बाद मैट्रिक तथा इंटर की शिक्षा बोकारो जबकि बीटेक की डिग्री हजारीबाग से हासिल किया है। हजारीबाग से बीटेक करने के बाद बैंकिंग क्षेत्र में प्रयास कर रहा था। कड़ी परिश्रम के बदौलत आखिर में उसने कामयाबी हासिल कर ली है। उसकी कामयाबी पर खुशी का इजहार करते हुए चाचा पुलिस अवर निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि वह अपनी चाची नीरज सिंह के पास पटना में रहकर बैंकिंग सेक्टर की तैयारी कर रहा था। जिसके बाद पहली हीं प्रयास में उसने सफलता हासिल कर ली। शुभम की कामयाबी में चाचा व चाची समेत माता-पिता व दादा वैद्यनाथ सिंह व दादी रामदासो देवी काफी गदगद हैं। वहीं प्रो.ओमप्रकाश सिंह, पंचायत के मुखिया अभिषेक कुमार सिंह, पूर्व मुखिया जयप्रकाश सिंह, डॉ. एस कुमार, उमा सिंह, बालेश्वर सिंह, पुरूषोतम सिंह, निरंजन सिंह आदि ने शुभम को बधाई दी है।

# पहले जलपान फिर मतदान:डीएम

- 25 मई को जरूर करें मतदान
- बेतिया में मतदाता सेल्फी प्वाइंट व हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ

चाण्क्य भूमि(कनकलता)






**बेतिया।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वीप लोगो का अनावरण किया। इसके साथ ही मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर और हस्ताक्षर पट्टी पर हस्ताक्षर कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम कार्यालय, कार्यालय आईसीडीएस द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता से संबंधित आकर्षक रंगोली बनाये गये थे। साथ ही मतदाता जागरूकता को लेकर गुब्बारा भी आकाश में छोड़ा गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अनावरण के मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सशक्त प्रजातंत्र के निर्माण में जिले के मतदाता सहभागी बनें। 25 मई मतदान के दिन घरों से बाहर निकलें और अपने मत का प्रयोग जरूर करें। उन्होंने कहा कि "पश्चिमी चम्पारण की यही पुकार-शत-प्रतिशत वोट करेंगे अबकी बार" का नारा जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में जिले के एक भी मतदाता छूटे नहीं इस हेतु निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत कई प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। 25 मई को अनिवार्य रूप से मत का प्रयोग करने हेतु मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविका, आइसीडीएस सहित अन्य विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ वरीय अधिकारियों की देखरेख में कारगर कार्रवाई कर रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने कहा कि जिले में शत-प्रतिशत मतदाता अपने मत का प्रयोग करें, अपनी पूरी ताकत लगा दें। एक-एक वोटर को प्रजातंत्र में वोट के महत्व के बारे में बताएं और समझाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे, इसका विशेष ध्यान रखना है। शत-प्रतिशत मतदान में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। निर्वाचन को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील किया कि मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने में वे अपेक्षित सहयोग करें। साथ ही अगर किसी के द्वारा किसी मतदाता को मतदान से वंचित करने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके। उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रतिभा रानी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम बेहद ही महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत जिले में बहुत सारे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसे और तीव्र गति से क्रियान्वित करना होगा। अधिक से अधिक लोगों को अवेयर करना है। मतदान के दिन हरेक मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें, इसे सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी युवतियां अवश्य मतदान करें।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, -सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, एसडीएम, बेतिया विनोद कुमार, एसडीएम, नरकटियागंज सूर्य प्रकाश गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लालबहादुर राय, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया शंभु कुमार, सिविल सर्जन, डॉ0 श्रीकांत दुबे, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, कमलाकांत त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।










# ब्रावो फाउंडेशन ने अग्नि पीड़ितों के बीच सूखा राशन का किया वितरण

- अरेराज प्रखंड के चटिया बड़हरवा पंचायत का है मामला
- अगलगी की घटना में 56 लोगों का जल गया था घर
- पीड़ितों के साथ खड़ा है पूरा ब्रावो परिवार: राकेश

चाणक्य भूमि मोतिहारी




अरेराज प्रखंड अंतर्गत चटिया बड़हरवा पंचायत के चटिया दियरा में दो दिन पूर्व हुई अगलगी की घटना में जले 56 घरों के परिवार वालों को बड़ी राहत मिली है। गुरूवार को ब्रावो फाउंडेशन की टीम ने सभी अग्नि पीड़ितों के बीच सूखा राशन का वितरण किया। राशन लेने के बाद अग्नि पीड़ितों के चेहरे पर हल्की खुशी देखने को मिली। गौरतलब हो कि ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक राकेश पांडेय को घटना की जानकारी मिली। आनन-फानन में उन्होंने टीम के सदस्यों को घटनास्थल पर भेजा और घटना की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने टीम के सक्रिय सदस्य सूखा राशन लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और एक-एक कर सभी अग्नि पीड़ितों के बीच राहत सामग्री बांटी। राकेश पांडेय ने कहा कि दुख की घड़ी में ब्रावो परिवार अग्नि पीड़ितों के साथ खड़ी है। फाउंडेशन द्वारा आवश्यकता के सामान पीड़ितों तक पहुंचाने का एक छोटा सा प्रयास किया है। आगे भी जरूरत पड़ी, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने समाज के सभी सामर्थ्य लोगों से भी अपने स्तर से अग्नि पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाने की अपील की है। प्रभु राम, सुरेंद्र राम, कैलाश राम, गंगाजली देवी, मुकेश राम, किरण देवी, मुख्तार राम, आलम मिया, मुस्लिम मियां, मंजूर मियां, मस्तकीम मियां, ताबारक मियां, मजहर आलम, नरूद्दीन मियां, बाबू हुसैन, राजू हुसैन, सैफुद्दीन मियां, सुरेंद्र राम, जनाई राम, चंदा देवी, पासपत राम, झावरी कुंवर, सलीम मियां, सैफुद्दीन मियां आदि अग्नि पीड़ितों के बीच सूखा राशन का वितरण किया गया। मौके पर फाउंडेशन के वीरेंद्र प्रसाद साहू, उपेंद्र पटेल, विनय कुमार, रविकेश मिश्रा, रवि रंजन कुमार, हरिशंकर बैठा, अमरजीत कुमार, जितेंद्र ठाकुर, रमेश कुमार, भोला प्रसाद, विकाश कुमार, असर्फी महतो, अशोक कुमार, अभिषेक पांडे, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।उक्त जानकारी फाऊंडेशन के सदस्य विनय कुमार ने दी

# साठी में हुआ अफतार का आयोजन दोनों समुदाय के लोग हुए सम्मिलित



चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

आज साठी बाजार में शाम को दावते इफ्तार का आयोजन किया गया इसमें सैकड़ो लोग शामिल हुए। जिसमें दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित साठी के इमाम मुस्ताक मौलाना ने बताया कि रोजेदारों को इफ्तार कराना काफी सवाब कमाने के बराबर है रोजेदार खुदा के नेक बंदे होते हैं रोजदार अपने भूख और प्यास को बर्दाश्त कर खुदा की इबादत में मुस्गुल रहते हैं । रोजेदार कि एहतराम करना एक बहुत बड़ी नेकी का कार्य होता है उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में जो बंदा सही दिल से खुद की इबादत करता है उसके सारे गुनाह खुद माफ कर देते हैं। यह महीना रमजान का पवित्र महीना माना गया है हम सबको अल्लाह ताला के बताए रास्ते पर चलने का अमल करना चाहिए मौके पर जिला पार्षद कलीम गफ्फार व्यवसायी हफिज उर्फ छूडी बैठा धीरज शाह प्रमोद कुमार सोनी दीपक रावत मोहम्मद हारुन इरशाद आलम समीद आलम सहित दोनों समुदाय के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।







# कांग्रेसी नेता वाल्मीकीनगर से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

चाणक्य भूमि संवादसूत्र



वाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र से कौंग्रेस के बड़े और कद्दावर नेता के निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा से बगहा का चुनावी माहौल गरम हो गया है। बड़े - बड़े नेताओं के अभी से कान खड़े होने लगा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस असंगठित कामगार के प्रदेश सचिव संजय यादव द्वारा शुक्रवार के दिन बगहा स्थित अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की गयी घोषणा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का चुनाव में भरपूर सहयोग रहेगा।


# जिले भर मे अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

चाणक्य भूमि बेतिया



रमजान का महीना इस्लाम मानने वालों लोगों के लिये बड़ा ही पवित्र महीना है। और इस महीने में अलविदा नमाज का भी बहुत बड़ा महत्व है इसी क्रम में आज जिले के सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गयी। संपूर्ण जिले सहित प्रखंड एवं पंचायतो के सभी मस्जिदों में अकीदत तथा शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। इस मौके पर देश व प्रदेश की तरक्की, खुशहाली और कौम की उन्नति की दुआ की गई। शुक्रवार को बेतिया के मुख्य जामा मस्जिद( बड़ी मस्जिद), जंगी मस्जिद, छावनी के आमना मस्जिद ईत्यादि मस्जिदों में मुसलमान भाइयों ने अलविदा जुमा की नमाज अदा की। नमाज अदा करने से पहले आमना मस्जिद के एमाम मोहम्मद बैतुललाह ने अपने तकरीर में रमजान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रमजान में दुनिया भर के मुसलमान पूरे महीने का रोजा रखते हैं। रोजा सिर्फ इबादत और अल्लाह को खुश करने का तरीका भर नहीं है, बल्कि यह इंसान को सही मायने में इंसानियत के ढांचे में ढाल देता है। रोजा एक-दूसरे के दुख-दर्द को समझने तथा मदद करने के लिए प्रेरित करता है। पवित्र रमजान माह के शुरू होने के बाद स्थानीय बाजारों में चहल पहल व सक्रियता बढ़ गई है । वहीं ईद पर्व की तैयारी शुरू कर दी गयी है। ईदगाहों की साफ सफाई शुरु हो गयी है। घर से बाहर रहने वाले लोगो का भी आना शुरू हो गया है।उधर बाजारों में भी सेवईयां की दूकानें सज गयी है।




# इंटर व मैट्रिक के अब्बल छात्र-छात्राओं को डीएम ने किया पुरस्कृत

- अभिवावको को बच्चों की रुचि के मुताबिक पढ़ाने की दी नसीहत

चाण्क्य भूमि(कनकलता)


मैट्रिक व इंटर के अव्वल छात्रों के साथ डीएम बेतिया

**बेतिया।** इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के विभिन्न संकायों एवं मैट्रिक परीक्षा 2024 में जिलास्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अब्बल छात्र-छात्राओं को डीएम दिनेश कुमार राय ने प्रशस्ति पत्र, मोमेन्टों और बुके देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत हुए छात्रों में इंटरमीडिएट परीक्षा (आर्ट्स) में युगल साह जनजाति गर्ल हाईस्कूल, हरनाटांड़ की छात्रा सिमरन कुमारी को प्रथम स्थान, गवर्नमेंट राज्य सम्पोषित एसएस प्लस टू स्कूल, हरनाटांड़ के छात्र रामू कुमार को द्वितीय स्थान एवं एमजेके कॉलेज बेतिया की छात्रा सलोनी कुमारी को तृतीय का नाम उल्लेखनीय है।वही इंटरमीडिएट परीक्षा (कॉमर्स) में रामबहादुर कॉलेज, दुखीछापर के छात्र धर्मवीर कुमार को जिलास्तर पर प्रथम स्थान, उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल, बांसगांव मंगलपुर अवसानी बगहा-02 के छात्र गौरव कुमार को द्वितीय स्थान एवं गवर्नमेंट हाईस्कूल हरिनगर के छात्र राहुल कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इंटरमीडिएट परीक्षा (साइंस) में एमजेके कॉलेज, बेतिया के छात्र रितेश कुमार को जिलास्तर पर प्रथम स्थान, गवर्नमेंट जनता हाईस्कूल तेल्हुआ नौतन के छात्र रौनक कुमार को द्वितीय स्थान एवं एमजेके कॉलेज के छात्र आशीष कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। मैट्रिक परीक्षा 2024 में नेशनल पब्लिक हाईस्कूल बेतिया के छात्र मो0 आसिफ को जिलास्तर पर प्रथम स्थान, आरएलवाई प्रवेशिका उच्च विद्यालय, नरकटियागंज के छात्र कृष्णकांत झा एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय, चम्पापुर गोनौली बगहा-02 की छात्रा प्रिया शर्मा को द्वितीय स्थान एवं एसएस हाईस्कूल, हरनाटांड़ के छात्र आदित्य जायसवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक परीक्षा में जिलास्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आगे की परीक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन करना है। इसके लिए एकाग्र होकर मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आपके इस सराहनीय कार्य से आपके माता-पिता, गुरूजन एवं जिला प्रशासन गौरावान्वित महसूस कर रहे हैं। खूब मन लगाकर पढ़े और आगे बढ़ते रहें। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों एवं शिक्षकों से कहा कि बच्चे जिस सब्जेक्ट, क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनकी रूचि जिस सब्जेक्ट अथवा क्षेत्र में हैं, उन्हें उसी के अनुरूप आगे बढ़ायें। बच्चों पर दबाव नहीं बनाएं। उनके हुनर को पहचाने और आगे बढ़ने में मदद करें।इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी कांत प्रवीण, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अनंत कुमार सहित छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।पुरस्कार पाकर उत्साहित दिखे छात्र।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714